हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



## निधन

### सोहद्राबाई यादव



**धमतरी।** ग्राम कांशीपुरी निवासी गंगाराम यादव की पत्नी सोहद्राबाई यादव उम्र 60 वर्ष का निधन हो गया। वे डंडेश्वर, भूषण, राजेश यादव की मां व मोहन यादव की मामी थीं। उनकी अंतिम यात्रा गृहनिवास से निकाली गई, जिसमें स्वजन सहित ग्रामीणजन शामिल हुए।

### बुंदियाबाई ध्रुव



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा निवासी बुंदिया बाई ध्रुव उम्र 78 वर्ष का 25 मार्च बुधवार को निधन हो गया। वह त्रिलोकनाथ ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### तुलसा यादव



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पुरूर निवासी श्रीमती तुलसा यादव उम्र 75 वर्ष का 27 मार्च को निधन हो गया। वह होटल व्यवसायी मुकेश यादव, कांग्रेस नेता जितेन्द्र यादव, त्रिभुवन यादव, राजू यादव एवं किशोर यादव की माता थीं। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

### जीवराज रात्रे



**धमतरी।** बहुजन समाज पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता जीवराज रात्रे का निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर आरपी संभाकर, आशीष रात्रे, प्रेमलाल कुर्रे, प्रदीप जांगड़े, रेवती साहू, राखी साहू, लक्ष्मी धालेन्द्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

चिन्हित किया गया। उपग्रह चित्रों से मिले संकेतों की पुष्टि के लिए एआई संचालित सर्वे ड्रोन का उपयोग किया गया जिससे हाटस्पाट क्षेत्र का उच्च रिजाल्यूशन मानचित्र तैयार किया गया। जंगलों की वास्तविक स्थिति का आकलन हुआ। संरक्षण के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। इससे वन विभाग की सटीक और अद्यतन तस्वीर मिली जो संरक्षण नीति बनाने में अत्यंत उपयोगी साबित हुई।

**स्थानीय समुदायों से जानकारी और संरक्षण की पहल :** तकनीक के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का ज्ञान भी इस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा बना। ओढ़, अमलोर, आमामोरा, नारीपानी, अमली, बालगढ़, मेचका, बम्हनीझोला, आमगांव, बहिगांव, कारीपानी गांव के वनवासियों से बातचीत कर दुर्लभ प्रजातियों के पुराने रहवास क्षेत्र, भोजन के स्त्रोतों और आवागमन के रास्ते की जानकारी जुटाई गई। साथ में समुदायों के संरक्षण की पहल शुरु की गई। वन विभाग ने समुदाय आधारित संरक्षण में हार्नबिल रेस्टोरेंट के तहत वहां हार्नबिल के लिए भोजन उपलब्ध कराया जाता है। वीविंग बैकद स्किव्रल कैनोपी भारतीय विशाल गिलहरी तथा उड़न गिलहरी के लिए जुड़े हुए वृक्ष छतों का पुनर्निर्माण। इस पहल ने स्थानीय लोगों को संरक्षण का सक्रिय भागीदारी बना दिया।

**तीन बड़े बदलाव से लौट रही हैं दुर्लभ प्रजातियां :** एकत्रित जानकारी और विश्लेषण के आधार पर तीन वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम वन विभाग ने उठाये हैं। लगभग 850 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया गया। हाटस्पाट क्षेत्र के 21 तालाबों में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप लगाए गए। फाईकस प्रजातियों और फलदार वृक्षों का बड़े पैमाने पर रोपण किया गया। जलसंरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच, चेक डैम, जल संचयन संरचनाएं बनाई गई। अवैध शिकार को रोकने 60 से अधिक एंटीपोंचिंग अभियान चलाए गए। जिसमें ओडिशा और यूएसटीआर क्षेत्र से लगभग 500 शिकारी और लकड़ी तस्करों की गिरफ्तारी हुई।

**सेंट्रल इंडियन हाईलैंड्स जीव जंतुओं का प्राकृतिक पुल :** छग का सेंट्रल इंडियन हाईलैंड्स क्षेत्र पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट और हिमालय के बीच एक महत्वपूर्ण पारिस्थितिक कड़ी का काम करता है। यह क्षेत्र कई वन्यजीवों के लिए फॉनलब्रिज यानी जीव जंतुओं के आवागमन का प्राकृतिक मार्ग बनता है। यूएसटीआर इसी हाईलैंड्स का हिस्सा है।

### श्रीराम नवमी पर नगरी में निकली भव्य शोभायात्रा

# श्रीराम के नारों के साथ भक्तों ने लहराया ध्वजा

**हिंदू संगठनों ने की नगर के मुख्य प्रवेश द्वार समेत चौक-चौराहों की सजावट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





श्रीराम जन्मोत्सव (राम नवमी) पर हिंदू संगठनों ने नगर के मुख्य प्रवेश द्वार को आकर्षक सजाया था, जो श्रद्धालुओं और आमजन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा था।नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, विशेष रूप से बजरंग चौक एवं बजरंग बली मंदिर परिसर को भगवा रंग की सजावट और रंग-बिरंगी आकर्षक लाइटों से सुसज्जित किया गया।

शुक्रवार को रामनगर पारा से राम भगवान की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। बस्तरिया नृत्य एवं डीजे के सामने बड़ी संख्या में लोग नाचते दिखाई दिए। लोगों ने श्री राम के नारों के साथ हाथों में ध्वजा लहराया। शोभायात्रा राम मंदिर से बस स्टैंड चुरियारापारा चौक, राजा बाड़ा चौक, बजरंग चौक से नगर भम्रण किया। उस दिन पूरा नगर धार्मिक वातावरण में सराबोर नजर आया। बजरंग चौक सजावट, रोशनी और भक्ति से ओतप्रोत रहा। हिंदू संगठन के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के परिणामस्वरूप नगर का प्रत्येक प्रमुख स्थल सुंदर और भव्य रूप में सुसज्जित दिखाई दे रहा है। राम नवमी पर्व पर नगर में उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान



- ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम डोंगरडुला (बेहरापारा रोड) में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के पिछले कई दिनों से खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने सहायक अभियंता विद्युत विभाग नगरी को आवेदन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इसके चलते घरों में लगे मीटर, पंप, पंखे, टीवी सहित अन्य विद्युत उपकरण सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। विशेष रूप से लो-वोल्टेज की समस्या के कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में बिजली की समस्या और भी गंभीर रूप ले सकती है। बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों महेंद्र ध्रुव, थम्मन साहू, गजेन्द्र ध्रुव, चित्रकांत साहू, निखिल साहू, भवदीप पांडेय, विजय साहू, अतुल साहू, हरीश साहू ने विद्युत विभाग से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्र में नियमित और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

## सेमरा में भगवान राम का जन्मोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



मानस सम्मेलन समिति सेमरा द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। राम रक्षा स्त्रोत पाठ, हनुमान चालीसा, सुन्दरकांड पाठ, मानसगान तथा सोहर गीत में ग्राम सेमरा, धरमपुर, डीहीपारा, नयापारा, भेजरीरावण के भक्त थिरकते रहे। मानससम्मेलन में 36 मानस मण्डलियों ने हिस्सा लिया। मंडलियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचन्द्र की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। समापन समारोह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कविता ध्रुव सरपंच सेमरा थी। अध्यक्षता संजय साहू अध्यक्ष मानस सम्मेलन समिति सेमरा ने की। विशेष अतिथि हनीफ अलीखान जनपद सदस्य नगरी, संदीप कुमार देवांगन उपसरपंच सेमरा, धर्मेन्द्र देवांगन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सेमरा, नथलूराम साहू, चन्द्रभान देवांगन, दिनेश कुमार देवांगन थे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। गांव के युवाओं ने भण्डारा में सहयोग प्रदान किया।

## आंधी से गिरा पेड़, बाल-बाल बचे मोटरसाइकिल सवार युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)



अचानक मौसम खराब होने के कारण शुक्रवार को नगरी धमतरी मार्ग स्थित कुकरेल में भारी भरकम नीम का पेड़ गिर गया। राह चलते दो युवकों की जिन्दगी बाल-बाल बची लेकिन उनकी मोटरसाइकिल पेड़ की टहनियों में दब गई। लगभग दो घंटे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई थी। काफी मशक्कत के बाद आवागमन बहाल किया गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को ग्राम सलोनी से सोमनाथ कौशिक की बारात बेलर जा रही थी लेकिन रास्ता बंद होने के कारण बारातियों ने भी गिरे हुए नीम के पेड़ को हटाने में मदद की।

# अखिल भारतीय वैद्य महासंघ के शिविर पर जताई आपत्ति

- शंभू शक्ति सेवा संस्थान ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शंभू शक्ति स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान ने रायपुर में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय विशेष शिविर पर रोक लगाने की मांग की है। शुक्रवार को सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ नेताम के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे वैद्यराजों ने मुख्यमंत्री, वनमंत्री तथा कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि अखिल भारतीय परम्परागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ द्वारा कुर्मी मंगल भवन सुंदरनगर रायपुर में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय विशेष शिविर 3 एवं 4 अप्रैल को रखा गया है।

शंभू शक्ति स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान आदिवासी संघ ने शिविर पर आपत्ति करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकृत वैद्य संघ की संख्या 6 है। पंजीकृत वैद्य संघ को बिना सूचना एवं सहमति के प्रदेश में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगे बताया कि सन 2016 में अखिल भारतीय परम्परागत वनौषधि वैद्य महासंघ ने धमतरी के साहू भवन में शिविर का आयोजन किया था जिसमें 1000 वैद्यों से 1500- 1500 पंजीयन शुल्क लिया गया। इसी प्रकार का कार्यक्रम फिर आयोजित किया जा रहा है। सेवा संस्थान ने आवेदन में कलेक्टर से वनौषधि महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर रोक लागने की मांग की है।

## कामाख्या देवी साधना अनुष्ठान में शामिल हुए पूर्व विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू संबलपुर में आयोजित मां कामाख्या देवी साधना अनुष्ठान में शामिल हुए। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति एवं पदाधिकारियों के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में ज्ञानेश्वर महाराज ने मां कामाख्या एवं महागौरी की कथा का रसपान कराते हुए भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मां कामाख्या स्त्री शक्ति और सृजन की प्रतीक हैं तथा सच्ची भक्ति और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।

मुख्य अतिथि लेखराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि संबलपुर में गुवाहाटी जैसे आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो रहा है।

## चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



कोर्रा क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर देवी भक्तों ने माता की सेवा की और अष्टमी तिथि को हवन पूजन महाप्रसादी का वितरण किया।

चैत्र नवरात्रि महाष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महा अष्टमी पर्व पर जगह-जगह हवन पूजन, कन्या भोजन व महाप्रसादी का वितरण किया गया। क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में भारी भीड़ रही।

- कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर की गई पूजा, सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट

लोग सुबह से लेकर शाम तक माता के दर्शन किए। मां चंडी मंदिर भखारा, दंतेश्वरी मंदिर शीतला मंदिर, शीतला मंदिर गुजरा, गायत्री मंदिर गुजरा, बम्लेश्वरी मंदिर अमलीडीह, सतबहिनी दाई मंदिर दरगहन, दुर्गा मंदिर रांवा, त्रिकुटी धाम सिहाद, डोमा, कुरमातराई, पीपरछेड़ी, कुर्रा,कोर्रा, सिलौटी, बागतराई आदि गांव के मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर हवन पूजन व कन्या पूजा के साथ खीर पूड़ी, हलवा का महाप्रसादी वितरित किया गया। पंडित सुनील तिवारी ज्योतिषाचार्य गुजरा ने बताया कि नवरात्रि शक्ति और आराधना का पर्व है। प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक देवी की आराधना पूजा की जाती है। महाअष्टमी मंत्र साधना अनुष्ठान की महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन माता को प्रसन्न करने के लिए हवन पूजन कर नौ कन्या भोज कराया जाता है। 10 वर्ष से कम उम्र की कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। वस्त्र ,सोलह सिंगार की सामग्री भेंट की जाती है।

## सेमरा में वार्षिक महाअधिवेशन एवं आदर्श विवाह 31 को

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 20 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र के तत्वावधान में 31 मार्च को सेमरा बी में क्षेत्रीय वार्षिक महा अधिवेशन एवं आदर्श विवाह का आयोजन आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा छग, चंदूलाल निषाद निषाद समाज जिला अध्यक्ष धमतरी, डॉ ललितकुमार निषाद निषाद समाज अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा होंगे। अध्यक्षता चंद्रकुमार निषाद निषाद समाज अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि हरकराम निषाद, नारायण निषाद, गुंजा निषाद, रमेश निषाद, संतोषी निषाद, रेखा निषाद, अंगेश्वर निषाद, घनश्याम निषाद, बुधारूराम निषाद, पूजा सिन्हा सभापति जिला पंचायत बनितासिन्हा सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, श्रीमती दुर्गा सरपंच सेमरा, दीपक कुमार चक्रधारी उपसरपंच, संतोष कुमार पटेल सरपंच सिलतरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलन एवं पूजा अर्चना से होगा। 11 बजे मातृत्व मानस मंडली सेमरा बी की प्रस्तुति एवं दोपहर 1 बजे से अतिथि स्वागत तथा आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### कंडेल में मना श्रीराम जन्मोत्सव



**पुरी।** ग्राम कंडेल में श्रीराम जन्मोत्सव धीवर समाज द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने गांव का भ्रमण किया। मां शीतला को चुनरी चढ़ाई गई। धीवर समाज भवन में श्रीराम की पूजा-अर्चना की गई। मौके पर सरपंच गिरधर सार्वा, ग्रामीण अध्यक्ष दीनदयाल मत्स्यपाल, कोषाध्यक्ष संतोष सोनवानी, सचिव संतोष, भगवानदीन मच्छेंद्र , दीना सार्वा उपाध्यक्ष, भोजकुमार संरक्षक कंडेल परगना, गोपाल ढीमर, भागीरथी समेत अन्य मौजूद थे।

### बिरगुड़ी में रामचरित मानस सम्मेलन का समापन



**नगरी।** श्री रामचरित मानस सम्मेलन समिति द्वारा ग्राम बिरगुड़ी में इस वर्ष भी रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 मार्च को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ हुआ। 25 मार्च को ग्रामीण दुर्गो का सम्मान करते हुए मानसगान का आयोजन किया गया। 26 को पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अंतिम दिवस 27 मार्च को नव-प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। दोपहर 12 बजे से राम बालोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। रात्रि 9 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

### कठौली में मानसगान सम्मेलन का समापन आज



**सिर्री।** ग्राम कठौली में इस वर्ष भी नवजागृति मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान सम्मेलन का आयोजन 27 से 29 मार्च तक किया गया है। प्रथम और द्वितीय दिवस दर्जन से भी ज्यादा मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजक समिति द्वारा मंचस्थ मंडलियों का स्वागत सम्मान किया गया। मानस मंडलियों ने भगवान श्रीराम का गुणगान किया। आज 29 मार्च रविवार को मानसगान सम्मेलन का समापन होगा।

### सशिमं मड़ाईभाठा को 10 लाख का चेक भेंट





गणेशराव पवार

**धमतरी।** कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी के संरक्षक गणेशराव पवार एवं उनकी पुत्री हिमांता अनिल घाटगे रायपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा को 10 लाख का चेक रामनवमी के अवसर पर दिया गया। इस अनुकरणीय कार्य के लिए कृपाशंकर मिश्रा, राजेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मणराव मगर, राजकुमार मिश्रा, यशकरण सिंह गजेंद्र, होलाराम परिहा, अरुण कुमार गौर, चंद्रकुमार चंद्राकर, अनीता घोरपडे, नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, टिकेश्वरी वर्मा, मुकेश केसरी, ईश्वरी दयाल साहू, हनुमान सिंह वर्मा, चंद्रहास साहू, किरण कृष्ण कुमार देवांगन, भीखम लाल साहू, अमित सिंह, अजय मिश्रा, प्रदीप ध्रुव एवं हेमंत साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अपर्णा को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान




**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रा अपर्णा शर्मा को महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान दिया गया। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप जागरूकता अभियान, युवा उत्सव तथा विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. विनोदकुमार पाठक ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदानकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर जिला संगठक प्रो. निरंजन कुमार, स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आकांक्षा मरकाम एवं प्रो. भीखम चंद साहू सहित एनएसएस स्वयंसेवकों संकेत, संदीप, महिमा, गौरा, क्षमता, विभा ने हर्ष जताया है।

### श्रद्धांजलि योजना की राशि दी



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी के सरपंच रामकुमार यादव ने गोदावरी यादव के निधन पर उनके पुत्र शेषकुमार यादव एवं बहू मधु यादव को श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत 2000 रुपये की सहयोग राशि भेंट की।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 श्रीराम के नारों के साथ भक्तों ने लहराया ध्वजा





12 पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जगह जगह स्वागत








बच्चों में हर्निया
हर्निया ऑपरेशन से ठीक होने वाली बीमारी है, दवाईयाँ केवल समय और पैसे की बर्बादी है,
जागरूक रहें, बच्चों के सर्जरी विशेषज्ञ से एक्सपर्ट ओपिनियन लें, सही समय पर सही इलाज कराएं।
आयुष्मान योजना में निःशुल्क ऑपरेशन सुविधा*
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397
आज ही सम्पर्क करें
डॉ प्रदीप साहू (शिशु शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ)
MBBS, MS, MCH (PGIMER, CHANDIGARH)
15 वर्षों का विशाल अनुभव, हज़ारों बच्चों की सफल सर्जरी
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343



श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### बकली में कर्मा जयंती समारोह 31 को

**सिर्री।** परिक्षेत्र साहू समाज चिंवरी एवं ग्रामीण साहू समाज बकली के तत्वावधान में 31 मार्च को ग्राम



बकली में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। सुबह 10 बजे कलशयात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी होंगे। कार्यक्रम में लोक गायिका आरू साहू और पंडवानी गायिका आराध्या साहू का सम्मान होगा। रात्रि में मनमोहना फाग मंडली बकली का कार्यक्रम रखा गया है।

### सरगी में जातरा मेला 1 अप्रैल को

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में ग्रामवासियों के सहयोग से राजा बाबा का जातरा मेला एक अप्रैल बुधवार को रखा गया है। दो अप्रैल को पवई रानी, पहाड़िया बाबू का जातरा होगा। एक अप्रैल बुधवार की रात्रि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए जय मां खल्लारी छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी हिच्छापोटिया जिला महासमुंद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भेखू राम साहू, सचिव नील कुमार निषाद ने दी है।

### डाभा में जातरा मेला 2 को

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में वीर कचना ध्रुवा स्थापित है। इस वर्ष भी 2 अप्रैल गुरुवार को वहां जातरा मेला रखा गया है। रात्रि में अजयमाला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भर्रीटोला चारामा जिला कांकेर का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम पटेल केवल निषाद ने दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान एक युवक ने अपने घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अधारी नवागांव निवासी प्रीतम मंडावी पिता तेजूराम उम्र 46 वर्ष सालभर से टीबी की बीमारी से पीड़ित था। बीमारी से परेशान होकर प्रीतम ने लगभग 6 माह पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। उपचार के बाद वह ठीक हो गया था। शुक्रवार को युवक घर में अकेला था। युवक ने दोपहर को अपने घर के बरामदे में लकड़ी के म्यार में स्कार्फ का फंदा बना फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजन जीवित होने की आशंका के चलते इस बार भी फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व बना पश्चिमी घाट और हिमालयी वन्यजीवों के लिए नया आश्रय

# पारम्परिक ज्ञान व आधुनिक तकनीक से दुर्लभ प्रजातियों की हो रही वापसी




**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

कभी पश्चिमी घाट और हिमालयी क्षेत्र की पहचान रही मालाबार हार्नबिन, मालाबार विशाल गिलहरी और भारतीय उड़ने वाली गिलहरी जैसे प्रजातियां अब उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अपना विस्तार करने लगी हैं। प्रदेश के घने जंगलों में दिखाई दे रहे दिलचस्प बदलाव के पीछे आधुनिक तकनीक एवं स्थानीय समुदायों के पारम्परिक ज्ञान का अनूठा संगम है।

यूएसटीआर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने जंगल संरक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग शुरु किया। रिजर्व ने गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेसिंग पोर्टल का उपयोग करते हुए 1840 वर् गकिमी क्षेत्र में वन आवरण और जलस्त्रोतों की स्थिति का विश्लेषण किया। सेंटिनल और लैंडसैट उपग्रहों से प्राप्त पिछले 15 वर्षों के आंकड़े का अध्ययन कर मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से एनडीवीआई वनस्पति सूचकांक और एनडीडब्ल्यूआई जल सूचकांक में बदलाव का विश्लेषण किया। इस तकनीक से उन क्षेत्रों की पहचान संभव हुई जहां वन आवरण तेजी से कम हो रहा था। वृक्षों के क्षेत्र में अंतराल बढ़ रहा था। जलस्त्रोत सूख रहे थे। इन क्षेत्रों को हाटस्पाट के रूप में ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### मिलेगा रोजगार, इकोटूरिज्म का खुलेगा रास्ता



यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि संयुक्त प्रयासों के परिणाम अब दिखने लगे हैं। मालाबार पाईट हार्नबिल पहले केवल कुल्हाड़ा घाट परिक्षेत्र में दर्ज किया जाता था। अब कुल्हाड़ीघाट, अरसीकन्हार, दक्षिण उदंती और इंदागांव चारों परिक्षेत्र में फैल चुका है। भारतीय विशाल गिलहरी, उड़न गिलहरी भी रिजर्व के कई नये क्षेत्र में दिखाई देने लगी है। यह विस्तार सिर्फ प्रजातियों की वापसी का संकेत ही नहीं बल्कि जंगलों के बेहतर होते स्वास्थ्य का भी प्रमाण है। उन्होने बताया कि विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। विशेषकर गर्मी के मौसम में यहां बर्ड वॉचिंग के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आ सकते हैं। इससे स्थानीय समुदायों को रोजगार मिलेगा और पलायन कम होगा। श्री जैन ने कहा कि आधुनिक तकनीक और स्थानीय ज्ञान साथ-साथ आते हैं तो जंगलों और वन्यजीवों के संरक्षण में चमत्कारी परिणाम मिल सकते हैं। यह पहल छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश के लिए उदाहरण बन सकती है।

# गर्मी की शुरूआत में ही धधकने लगे जंगल

■ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चौकसी बढ़ी, कैमरों से भी निगरानी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगल से लेकर खेत तक आग धधकने लगे हैं। खासकर जंगल में तो ग्रामीण महुआ और शिकार के लिए आगजनी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सिर्फ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ही आगजनी के करीब 600 मामले आ चुके हैं। धमतरी वन मंडल का आंकड़ा तो और ज्यादा है।

मार्च माह में गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप और भयावह गर्मी से पत्ते व लकड़ियां सूख गई हैं। उधर महुआ बीनने का सीजन भी चल रहा है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र की बात करें तो आगजनी के 80 प्रतिशत मामले महुआ बीनने के लिए ग्रामीणों द्वारा महुआ पेड़ों के नीचे लगाई गई आग से फैल रही है। वहीं शिकारी भी एक्टिव हैं, जो शिकार करने के लिए आग का सहारा लेते हैं। 20 प्रतिशत मामले शिकारियों द्वारा लगाई गई आग के हैं।

धमतरी सामान्य वनमंडल में भी आगजनी की घटनाएं लगातार समाने आ रही हैं। टाइगर रिजर्व से लेकर सामान्य वनमंडल में आगजनी को लेकर अधिकारी-कर्मचारी सभी अलर्ट हैं। हर सूचना पर नजर रखी जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों की भी मदद ली जा रही है।

#### ग्रामीणों को हानि

जंगल में आगजनी के अधिकांश मामले ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आग से होते हैं। आगजनी से वन्यजीव विचलित होते हैं और बस्ती की ओर आते हैं, जिससे वन्यजीव और मानव के बीच द्वंद की घटनाएं होती हैं। इससे नुकसान ग्रामीणों को ही होता है। ग्रामीणों को इस हानि से बचने के लिए आगजनी की घटनाओं पर ब्रेक लगाने अधिकारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए।

**- वरूण जैन,**
उपनिदेशक टाइगर रिजर्व

#### 20 लोगों पर कार्रवाई

आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए टाइगर रिजर्व में हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक, मुनादी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को किताबें भी बांटी गई हैं, जिसमें जंगल की रक्षा, आगजनी से सुरक्षा संबंधी लेख हैं। इसके बाद आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 20 लोगों को माचिस के साथ पकड़ा गया है। इन पर कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

#### वायरलेस सुविधा शुरू होगी

उंदती सीतानदी टाइगर रिजर्व 1850 स्केयर किमी में फैला हुआ है। सभी जगह पर कैमरों से निगरानी संभव नहीं है, लेकिन पिछले 10 वर्षों में आगजनी की रिकार्ड के आधार पर हाटस्पाट पर कैमरों से निगरानी की जा रही है। कुछ जगहों पर थर्मल ड्रोन से रात में निगरानी की जा रही है। पहाड़ी क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन यहां पर नेटवर्क की समस्या है, जिससे आगजनी की खबर देने में परेशानी आती है। इन क्षेत्रों में वायरलेस सुविधा चालू की जा रही है, ताकि सूचनाओं का आदान- प्रदान शीघ्र हो सके। एक दो दिन में वायरलेस सुविधा चालू हो जाएगी।

# तीन भालुओं ने महिला पर किया हमला, घायल



महुआ बीनने जंगल गई थी महिला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी**

जंगल में महुआ एकत्रित करने गई एक महिला पर तीन भालुओं ने अचानक हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही वनांचल में महुआ एकत्रित करने ग्रामीण जंगल चले जाते हैं। जंगल में महुआ एकत्रित करते समय अक्सर वन्य प्राणियों से सामना भी हो जाता है। इसी तरह की एक घटना राजाराव पठार के जंगल से आई है। बालोद जिले के ग्राम खैरडीही निवासी अमार बाई नेताम पति पोखराम उम्र 45 वर्ष बीते 15 दिनों से अन्य ग्रामीणों के साथ रोजाना महुआ एकत्रित करने राजाराव पठार के जंगल जा रही थी। महिला शनिवार की सुबह भी अपने पुत्र धर्मेन्द्र नेताम के साथ महुआ एकत्रित करने राजाराव पठार के पास के जंगल में गई थी। उनके साथ गांव के अन्य लोग भी थे। जंगल पहुंचने के बाद सभी अलग-अलग होकर महुआ एकत्रित करने में जुट गये। उक्त महिला भी अकेली पेड़ के नीचे महुआ फूल एकत्रित कर रही थी। उसका पुत्र धर्मेन्द्र कुछ दूर पर दूसरे पेड़ के पास था। महिला महुआ बीनने में व्यस्त थी। इसी दौरान तीन भालू जंगल से अचानक बाहर आये और महिला पर हमला कर दिया। महिला ने भालुओं के हमले से बचने के लिये आवाज लगाई। महिला की आवाज सुनकर ग्रामीणों का ध्यान उसकी तरफ गया। भालुओं को देख सभी ग्रामीण शोर करते हुये महिला को बचाने के लिये आने लगे। लोगों की भीड़ व शोर के चलते तीनों भालू महिला को छोड़कर वापस जंगल में भाग गये। भालुओं ने महिला के बायें पैर को बुरी तरह घायल कर दिया है। वहीं उसके शरीर पर अन्य जगह चोट लगी है। घायल महिला को किसी तरह जंगल से गांव लाया गया जहां उसे उपचार के लिये गुरूर अस्पताल ले गये। गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने महिला को जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया। यहां इलाज जारी है।

# मोटरसाइकिल की टक्कर से बालक घायल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी**

नगरी क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे में एक बालक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करही रिसगांव निवासी चंद्रकांत मरकाम अपनी दादी पार्वती मरकाम के साथ नगरी स्थित पंजाब बैंक में आवास से संबंधित राशि निकालने के लिए आया था। बताया जा रहा है कि बैंक से कार्य निबटाकर लौटते समय दोनों सड़क किनारे खड़े थे। तभी बस स्टैंड की ओर से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात युवकों ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल सवार काफी तेज गति में थे, जिससे यह हादसा हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर के विभिन्न बैंकों के सामने ज्यादातर भीड़ रहती है। कामकाज निपटाने आए लोग अपनी मोटरसाइकिल रोड पर छोड़ देते हैं। इससे दुर्घटना होती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए तथा तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

दो गिरफ्तार, झाड़ियों में छिपाकर रखा स्टील का चाकू बरामद

# कुरुद में खूनी खेल : पुरानी रंजिश में युवक के पेट और पीठ पर किया चाकू से हमला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद**

कुरुद थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

घटना शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी वेंकटेश ध्रुव अपने साथी तोषण सिन्हा के साथ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास स्थित वर्मा गैरेज के पास खड़ा था। इसी दौरान आरोपी अमन चन्द्राकर (29 वर्ष) और मेहुल चन्द्राकर (28 वर्ष) वहां पहुंचे। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और धक्का-मुक्की करने लगे। इसी बीच मेहुल चन्द्राकर ने तोषण सिन्हा के पेट पर चाकू से वार कर दिया, वहीं अमन चन्द्राकर ने उसी चाकू से युवक की पीठ और कंधे पर ताबड़तोड़ हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया।



#### पुराना है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। अमन चन्द्राकर के विरुद्ध पूर्व में बालोद और कुरुद में मारपीट व नारकोटिक्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं मेहुल चन्द्राकर भी पूर्व में नशीले पदार्थों की तस्करी और मारपीट के मामलों में संलिप्त रहा है।

#### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 109, और 3(5) (हत्या का प्रयास व अन्य) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।


#### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कुरुद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर छत्तीसगढ़ ढाबा के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया स्टील का चाकू बरामद किया गया।


CH चटर्जी हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक, पुलिया के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. : 94252-09108



OPD समय : प्रातः 11 से शाम 6 बजे तक
उपलब्ध सेवाएं : सभी प्रकार के सोनोग्राफी
- हाईरिस्क गर्भावस्था प्रबंधन : जैसे कि उच्च रक्तचाप, बार बार गर्भापात, गर्भावस्था में रक्तस्त्राव आदि
- पूर्व सीजेरियन / VBAE मूल्यांकन
- बांझपन एवं प्रजनन स्वास्थय / TUT
- गर्भाशय / अंडेदानी / योनीद्वार के कैंसर / स्तन कैंसर की जांच और ऑपरेशन (आयुष्मान कार्ड से)
- दूरबीन पद्धति से सारे ऑपरेशन
- किशोरावस्था एवं मेनोपॉज क्लिनिक
- नसबंदी खोलना, पुरूष नसबंदी




डॉ. नम्रता चटर्जी
MD, OBS & GYNAE
CMC LUDHIANA
सीनियर कंसलटेंट- प्रसुति एवं स्त्री रोग

**रामनवमी की झलकियां**








## आकर्षक और जीवंत झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**धमतरी।** रामनवमी पर शुक्रवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आकर्षक और जीवंत झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री रामनवमी आयोजन समिति के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भगवान राम दरबार, हनुमान लीला, आदियोगी की प्रतिमा, खाटू श्याम का स्वरूप तथा भगवान राम का स्वर्णिम रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। झांकियों की प्रस्तुति इतनी प्रभावी रही कि दर्शकों को सजीव दृश्य का अनुभव हुआ। शोभायात्रा में बैंड पार्टी, धुमाल, विभिन्न प्रकार के ध्वज-झंडे, आतिशबाजी और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। हजारों रामभक्त पैदल यात्रा में शामिल हुए। पूरे शहर में उत्साह का माहौल बना रहा। मार्ग में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर स्वल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था की गई थी। विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस आयोजन ने पूरे शहर को राममय बना दिया और रामनवमी पर्व को यादगार बना दिया।

### मां अंगारमोती मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जगह-जगह स्वागत

- दिवंगत नेता पंकज महावर के निवास पहुंचे, परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धमतरी आगमन पर शनिवार को जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा की। तेलिनसत्ती ओवरब्रिज के पास ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया, जहां 5 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में जनहित और विकास के अनेक कार्य हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सक्रियता को संगठन की मजबूती का आधार बताया।

पूर्व जनपद अध्यक्ष गुंजा साहू के नेतृत्व में भाजपा से जुड़े छबिलाल साहू, नारायण साहू, मणिराम साहू और पूजा यादव ने भूपेश बघेल के हाथों गमछा पहनकर कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गांव-गांव तक विकास कार्य हुए। कांग्रेस में शामिल हुए छबिलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली है।

दौरे के दौरान भूपेश बघेल अंगारमोती मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे विधायक निवास पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। साथ ही कांग्रेस के दिवंगत नेता पंकज महावर के निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान गुरुगोपाल गोस्वामी, भारती साहू, योगेश मार्कण्डे, जीवनलाल डहरिया, धर्मेंद्र पटेल, रघुवीर रामटेके, नलनी सोनवानी, तेजराम सिन्हा, दिनेश साहू, मुकेश ध्रुव, बंटी मरकाम, खिलेन्द्र साहू, राकेश मौर्य, पुखराज साहू, हेमलाल बंजारे, संतोष हिरवानी, बिसम्भर साहू, गुरूचरण साहू, चन्द्रहास साहू, भालचंद्र पटेल, होरीलाल ओझा, नरसिंह पटेल, शत्रुघ्न साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, प्रीतम साहू, धर्मेंद्र साहू, पीयूष साहू, भीखम साहू, चित्रांश रजक, कौशल यादव, कौशल तारक, भानुराम साहू, गणेश साहू, प्रकाश साहू, भूपेंद्र साहू, बैसाखू तारक, योगेश्वर साहू, देवराम साहू, दिनेश सिन्हा, रंजीत साहू, मोहन जांगड़े, पवन बघेल, शिव चन्द्राकर, अशोक गुप्ता, मुकेश साहू, कृष्णा लहरे, अनु कुर्रे, रविन्द्र जांगड़े, वासु गायकवाड़, धनेश्वर यादव, टोमन साहू, उत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बघेल के बयान पर सियासत गरमाई

अफीम की कथित खेती को लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धमतरी प्रवास के दौरान अपने पुराने बयान को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में अफीम की खेती हो रही है और धमतरी जिला भी इससे अछूता नहीं है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर उन्होंने बयान दिया। धमतरी पहुंचने पर उन्होंने अपने रुख में कोई बदलाव नहीं किया और जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं इस तरह की गतिविधियां हो रही हैं तो उसे खोजकर कार्रवाई करना जरूरी है। बयान के दोहराए जाने के बाद जिले की सियासत एक बार फिर गरमा गई है और इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जाता है कि यह बयान उन्होंने रुद्री स्थित विधायक निवास में चर्चा के दौरान दिया।

# रामनवमी पर कुरूद में गूंजा 'जय श्रीराम' का घोष, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



### जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



#### सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष रमेश्वर साहू, नगर पंचायत सभापति मनीष साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

रामनवमी पर्व पर नगर कुरूद में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आजाद हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए।

शुक्रवार की शाम प्राचीन श्रीरामचंद्र मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा की शुरुआत हुई। रथनुमा सजे वाहन में भगवान श्रीराम की आकर्षक प्रतिमा विराजमान रही। डीजे और बैंड की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते गांधी चौक, चंडी मंदिर, थाना चौक, पुराना बाजार, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए नया बस स्टैंड तक नगर भ्रमण करते रहे।

इस दौरान भक्ति गीतों पर युवाओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। नगर को भगवा ध्वज और तोरणों से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा की झांकियों को देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

#### युवा मंच की रही अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में आजाद हिन्दू युवा मंच के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। मंच के प्रमुख सदस्यों में बादल चंद्राकर, दिवाकर चंद्राकर, सौरभ सिन्हा, कमल शर्मा, हर्ष सिन्हा, विक्रम चंद्राकर, कान्हा शुक्ला, चंदन साहू, पारस निर्मलकर, रवि द्विवेदी और आयुष चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

#### मंदिरों में भी मनाया गया राम जन्मोत्सव

प्राचीन श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भजन-कीर्तन और रामायण पाठ का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के साथ महाआरती की गई और प्रसादी वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

# सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई चैत्र नवरात्रि

**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि उत्साह से मनाई गई। नवरात्रि पर्व में विधिवत 9 दिन आरती पूजन की गई। 26 मार्च महाष्टमी को हवन पूजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा शीतला माता से गांव की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। इसी तरह सिर्री क्षेत्र के खर्रा, दर्रा, फुसेरा, धूमा, परसट्ठी,



चिंवरी, संकरी, गोजी, मौरीकला, कठौली, नारी, चारभाठा, कोकड़ी, गुदगुदा सिरसिदा, मौरीखुर्द, दहदहा,



कुहकुहा, भरदा, भैंसमुंडी, बकली, रावनगुड़ा, सिवनीकला, परसवानी, मेडरका, भोथली, चरमुड़िया, भालूकोना, गोबरा, अछोटी, अटंग, आलेखुंटा, कोड़ेबोड़, मरौद भाठागांव, सोनपुर, नवागांव थूहा, गातापार में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ज्योति प्रज्वलित कर जंवारा भी बोया गया था। 27 मार्च को गांव के तालाब में विसर्जन किया गया।

# ईंधन पर कर राहत से आमजनों को बड़ी राहत : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों के बीच केंद्र सरकार द्वारा लिए गए फैसलों को आमजन के हित में महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। भाजपा बस्तर प्रभारी पिछड़ा मोर्चा हेमराज सोनी ने कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने देश के 140 करोड़ नागरिकों की चिंता करते हुए ईंधन संकट से राहत देने के लिए सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि भीषण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस पर अतिरिक्त करों में छूट देकर सरकार ने आम जनता की परेशानियों को कम करने का कार्य किया है। इससे न केवल आम लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी,



बल्कि महंगाई के दबाव को भी नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। श्री सोनी ने कहा कि मोदी सरकार का यह निर्णय जनहित में लिया गया एक दूरदर्शी कदम है, जो सरकार की संवेदनशीलता और आमजन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रीराम नवमी शोभायात्रा निर्विघ्न संपन्न

- पूर्व में की गई प्रभावी कार्रवाई का असामाजिक तत्वों पर हुआ व्यापक असर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रामनवमी के अवसर पर शहर में निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा पुलिस की तगड़ी व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण निर्वघ्न व शानदार ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

रामनवमी पर्व पर शुक्रवार की रात्रि विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जिले में कड़े इंतजाम किए गए थे जिससे आमजनों ने सुरक्षित वातावरण में उत्सव का आनंद लिया। रामनवमी पर्व को देखते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्र में विशेष सुरक्षा योजना लागू की गई थी। इसके अंतर्गत निरंतर पेट्रोलिंग संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में फिक्स पिकेट की स्थापना तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। संकरी गलियों एवं प्रमुख मार्गों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से शोभायात्रा के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। वहीं यातायात भी सुचारु व नियंत्रित रूप से संचालित होता रहा। आधुनिक तकनीक उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से शहर के प्रमख स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की सघन निगरानी की गई। उल्लेखनीय है कि रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए युवाओं से एहतियातन सैकड़ों की संख्या में लोहे के कड़े जब्त किए गए। ताकि लड़ाई झगड़े में इनका उपयोग कोई नहीं कर सके।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार कंट्रोल रूम से सतत मॉनिटरिंग करते हुए जिले के तीनों अनुभाग के अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जिससे सुरक्षा व्यवसस्था और अधिक मजबूत बनी रही।

उल्लेखनीय है कि राम नवमी पर्व से पहले पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। पूर्व में की गई कार्रवाई का व्यापक असर देखने को मिला। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी के पूर्व फ्लैग मार्च आयोजित कर कानून व्यवस्था के प्रति सख्ती का संदेश दिया गया था जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। असामाजिक तत्वों पर कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के चलते राम नवमी की ऐतिहासिक शोभायात्रा बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# टैक्स जमा करने अवकाश के दिन भी खुलेगा निगम का राजस्व कार्यालय



- 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। अब 31 मार्च तक निगम का राजस्व कार्यालय अवकाश और छुट्टी के दिनों में भी खुला रहेगा, जिससे लोग अपनी सुविधानुसार टैक्स जमा कर सकें।

इस व्यवस्था के तहत नागरिक जलकर, संपत्ति कर, दुकान किराया सहित अन्य करों का भुगतान अवकाश के दिनों में भी कार्यालयीन समय के दौरान आसानी से कर सकते हैं। खासतौर पर उन लोगों के लिए यह पहल राहतभरी साबित हो रही है, जो कार्यदिवसों में व्यस्तता के कारण टैक्स जमा नहीं कर पाते थे। अवकाश के दिनों में भी कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे और टैक्स जमा करने की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार इस फैसले से राजस्व वसूली में तेजी आएगी और लंबित करों की संख्या में कमी होगी। वहीं नागरिक भी अंतिम तिथि से पहले बिना अतिरिक्त शुल्क के अपने करों का भुगतान कर सकेंगे। 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और समय पर कर जमाकर नगर विकास में भागीदार बनें।

# दिल्ली के राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की गूंज

- वीरेंद्र की प्रस्तुति ने जीता दिल, टीम को मिला नेशनल अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केंद्रीय सिविल सर्विस कल्चरल एवं स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विस टूर्नामेंट 2026 अंतर्गत म्यूजिक, डांस, शॉर्ट प्ले एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सीओएसआई ऑडिटोरियम विनय मार्ग नई दिल्ली में किया गया। इस आयोजन में शॉर्ट प्ले की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें राजस्व विभाग तहसील कुकरेल से वीरेंद्र कुमार कुंजाम ने भी अपनी सशक्त भागीदारी निभाई। राज्य शासन द्वारा चयनित होकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे वीरेंद्र ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रस्तुति दी। उनके द्वारा संगीत संयोजन एवं बांसुरी वादन ने कला प्रेमियों का मन मोह लिया और दर्शक दीर्घा से जोरदार तालियां बटोरीं। पूरी टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट चाइल्ड नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें वीरेंद्र ने अपनी कला से विशिष्ट पहचान बनाई। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, तहसीलदार कुकरेल ख्याति कंवर, राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, संजय सोनी, मनीष ध्रुव, राजस्व पटवारी संघ जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई, सचिव विकास साहू, किशोर कश्यप, सुरेंद्र ध्रुव, विवेक जैन, मोहर पटेल, द्विज राम मरकाम, योगेंद्र श्रीमाली, ऋषि गंगेले, कुशल कुंजाम, लक्ष्मी धनेशकर, गोविन्द साहू, सुरेश वत्सल, झंकार शर्मा, ज्योति यादव, विवेकानंद नागवंशी, प्रवीण नेताम, लीना, सोहन तथा कोटवार सुरेशदास मानिकपुरी, सुदर्शन एवं भुनेश ने प्रसन्नता व्यक्त की है।








# रामनवमी शोभायात्रा पर पटवा समाज ने की जलपान सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रामनवमी पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसी क्रम में पटवा समाज ने आकर्षक पंडाल लगाकर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। जैसे ही शोभायात्रा पंडाल के पास पहुंची, समाज के लोगों ने भगवान श्रीराम के जयघोष के बीच राम भक्तों पर पुष्पवर्षा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस दौरान जय श्री राम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। पटवा समाज द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था भी की गई, जहां बड़ी संख्या में राम भक्तों ने प्रसाद स्वरूप जलपान ग्रहण किया। कार्यक्रम में गोपाल पटवा, मन्नू पटवा, दिनेश पटवा, महेश पटवा, कुलदीप पटवा, राजू पटवा, अजय पटवा, विजय पटवा, सूरज पटवा, लल्ला पटवा, लालूराम पटवा, बबलू पटवा, महक पटवा, हेमरनाथ पटवा, शिव कुमार पटवा, शिवा पटवा सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

# इर्रा में श्रीमद् भागवत महापुराण आज से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा (कोर्रा) श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कल्याण सिंह साहू एवं श्रीमती कला साहू द्वारा 29 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया है। कथा दोपहर 1 बजे शुरू होगी। कथावाचक बेमेतरा जिला निवासी पंडित मुरलीधर तिवारी एवं परायणकर्ता संतोष पांडे होंगे। तैयारी में कपिल साहू, खित साहू, कल्याण राम साहू जुटे हैं।




# विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला परिसर झूरा नवागांव में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, भाजपा मंडल भोथली अध्यक्ष मिश्री लाल पटेल एवं ग्राम सरपंच ने किया। अतिथियों ने बताया कि प्रस्तावित शेड निर्माण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि शेड निर्माण कार्य में 15 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 02 में नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020